# राजनाथ के छोटे बेटे की एंट्री, ओबीसी की संख्या 16 से बढ़कर 25, ठाकुर-ब्राह्मण कम हुए

# यूपी भाजपा की नई टीम में पूजा पाल उपाध्यक्ष बनीं

## ऐलान

तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ । विधानसभा चुनाव से पहले यूपी में गुरुवार को भाजपा की नई टीम का ऐलान कर दिया गया। 64 पदाधिकारियों की इस लिस्ट में 52 लोगों को प्रदेश कार्यकारिणी यानी प्रदेश टीम में जगह मिली है। इनमें 19 उपाध्यक्ष, 19 मंत्री, 8 महामंत्री और 6 मोर्चा अध्यक्ष हैं। इसके अलावा, 6 क्षेत्रीय उपाध्यक्ष, 3 कार्यालय मंत्री और 3 अन्य पदाधिकारी भी बनाए गए हैं।

सपा से बगावत करने वालीं विधायक पूजा पाल को उपाध्यक्ष बनाया है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के छोटे बेटे नीरज सिंह की भी प्रदेश टीम में एंट्री हुई है। उन्हें उपाध्यक्ष बनाया है। इसके अलावा, प्रतापगढ़ के रोहित मिश्रा को युवा मोर्चा का अध्यक्ष बनाया गया है।




सपा से निष्कासित विधायक पूजा पाल को प्रदेश मंत्री बनाया गया है। पूजा पाल को मंत्रिमंडल विस्तार में मंत्री बनाए जाने की चर्चा थी, हालांकि तब जगह नहीं मिली थी।

यूपी भाजपा अध्यक्ष पंकज चौधरी और महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह को मिलाकर अब 54 लोगों की टीम हो गई है। टीम में 13 महिलाएं हैं। पिछली बार की तुलना करें तो ओबीसी की संख्या 16 से बढ़कर 25 हो गई है। सामान्य वर्ग के 21 चेहरों को प्रदेश टीम में जगह मिली है। राजनाथ सिंह के बेटे पंकज सिंह की जगह उनके छोटे बेटे नीरज सिंह को प्रदेश उपाध्यक्ष बनाया गया है।



### इन्हें मिला प्रमोशन

अभिजात मिश्रा को प्रदेश मंत्री से प्रमोट कर प्रदेश महामंत्री बनाया गया है। इन्हें भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन का करीबी माना जाता है। अर्चना मिश्रा को भी प्रदेश मंत्री से प्रमोट कर प्रदेश उपाध्यक्ष बनाया गया है। वहीं, गीता शाक्य का भी प्रमोशन हुआ है। उन्हें महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष से पदोन्नत कर भाजपा का प्रदेश महामंत्री बनाया गया है। प्रदेश मंत्री शंकर लोधी को पदोन्नत कर प्रदेश महामंत्री बनाया गया है। काशी के क्षेत्रीय अध्यक्ष रहे दिलीप पटेल को भी प्रदेश महामंत्री बनाया गया है।

ठाकुरों की संख्या 7 से घटकर 6 और ब्राह्मणों की संख्या 8 से घटकर 7 हो गई है। इसके अलावा 4 भूमिहार, 3 वैश्य और 1 श्रीवास्तव को जगह मिली है। अनुसूचित जाति (एससी) की बात करें तो 7 लोगों को जगह दी गई है। वहीं, अनुसूचित जनजाति (एसटी) में सिर्फ इंजीनियर विद्याभूषण गोंड को जगह दी गई है।

### सिर्फ 7 चेहरे रिपीट हुए, 15 नए लोग शामिल

52 सदस्यों की प्रदेश कार्यकारिणी में से सिर्फ 7 चेहरे रिपीट हुए हैं। पिछली कार्यकारिणी में 18 उपाध्यक्ष थे। इस बार 19 उपाध्यक्ष हैं। इनमें सत्यपाल सैनी, ब्रज बहादुर, मोहित बेनीवाल और धर्मेंद्र सिंह यानी 4 चेहरों को रिपीट किया गया है। बाकी 15 चेहरे नए शामिल किए गए हैं। भाजपा कार्यकारिणी में 8 महामंत्री हैं। इनमें सिर्फ संजय राय रिपीट हुए हैं। बाकी 7 नए चेहरे हैं। पिछली कार्यकारिणी में 16 प्रदेश मंत्री थे। इस बार इनकी संख्या बढ़कर 19 की गई है। इनमें सिर्फ 2 पुराने चेहरे विजय शिवहरे और शिवभूषण सिंह शामिल किए गए हैं। बाकी 17 नए चेहरे शामिल हुए हैं। मोर्चा अध्यक्ष में भी कोई रिपीट नहीं हुआ है।

### सभी 6 क्षेत्रीय अध्यक्ष बदले

भाजपा ने सभी छह क्षेत्रीय अध्यक्ष बदल दिए हैं। पश्चिम में नवाब सिंह नागर, ब्रज में पूरनलाल लोधी, कानपुर में राम किशोर साहू, अवध में अवधेश कुमार द्विवेदी, काशी में अशोक चौरसिया और गोरखपुर में विनोद राय को क्षेत्रीय अध्यक्ष बनाया गया है।काशी के क्षेत्रीय अध्यक्ष रहे दिलीप पटेल को प्रमोट कर प्रदेश महामंत्री बनाया गया है। कानपुर के क्षेत्रीय अध्यक्ष रहे प्रकाश पाल को ओबीसी मोर्चा का प्रदेश अध्यक्ष बनाया गया है। ब्रज के क्षेत्रीय अध्यक्ष रहे ध्रुवविजय शाक्य को प्रदेश उपाध्यक्ष बनाया गया है। गोरखपुर के क्षेत्रीय अध्यक्ष रहे सहजानंद राय को प्रदेश मंत्री बनाया गया है।

### शाह के पीए और पत्रकार यतेंद्र शर्मा मंत्री बनाए गए

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन के करीबी मांट के विधायक राजेश चौधरी को प्रदेश महामंत्री बनाया गया है। गृहमंत्री अमित शाह के पीए अंकुर शर्मा को प्रदेश मंत्री बनाया गया है। पत्रकार यतेंद्र शर्मा को प्रदेश मंत्री बनाया गया है। पूर्व मंत्री सुरेश राणा को प्रदेश उपाध्यक्ष बनाया गया है। किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष कामेश्वर सिंह को प्रदेश उपाध्यक्ष बनाया गया है।

## फास्ट न्यूज

### तेरहवीं के एक दिन बाद घर पहुंचा बेटा

गाजियाबाद। गाजियाबाद में अपनी तेरहवीं के अगले ही दिन गुरुवार सुबह 5 बजे एक युवक घर लौट आया। उसने घर का दरवाजा खटखटाया, तो बेटे को सामने देखकर मां ने उसे गले लगा लिया। फिर मां फूट-फूटकर रोने लगी। कहने लगी- बेटा, कहां थे? हम लोगों ने तो तुम्हारी तेरहवीं भी कर दी। घरवालों ने उससे करीब एक महीने तक लापता रहने के बारे में पूछा। लेकिन, लेकिन मानसिक रूप से अस्वस्थ होने की वजह से वह कुछ भी बता नहीं सका।

### गोरखपुर में एके-47 गैंग पर कार्रवाई

गोरखपुर। गोरखपुर में सोशल मीडिया पर एके-47 ग्रुप बनाकर आक्रामक मैसेज और फोटो डालने वाले यूजर पर कैंपियरगंज पुलिस ने कार्रवाई की है। सोशल मीडिया की निगरानी कर रही पुलिस ने 2 दिन में 13 युवकों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है। इनके खिलाफ लगातार शिकायत मिल रही थी। सोशल मीडिया पर लगातार 18 से 30 साल तक के युवा एके-47, महाकाल समेत कई नामों से ग्रुप बनाकर आक्रामकता प्रदर्शित कर रहे थे। इसकी शिकायत भी पहुंच रही थी। एसएसपी के निर्देश पर सोशल मीडिया की निगरानी के लिए पुलिस की स्पेशल टीम बनाई गई है।

### एनएसटी इंस्टीयूट में 3 दिनों से लटका ताला

गोरखपुर। लखनऊ अग्निकांड के बाद गोरखपुर के कोचिंग सेंटर पर अधिकारियों की निगरानी और जांच शुरू हो गई। जिसके बाद से शहर के तमाम सेंटर को संचालकों ने धड़ल्ले बंद कर दिया। बुधवार को हरिओम नगर स्थित NST इंस्टीट्यूट भी बंद मिला।

पूछताछ में पता चला कि पिछले 3 दिनों से क्लासेज नहीं चल रहीं।

## विभिन्न स्थानों पर खुलेआम संचालित है मीट की दुकान

तमसा संकेत, संवाददाता

सूरतगंज (बाराबंकी)। रामनगर थाना क्षेत्र के बुढ़वल चौराहे से लेकर कस्बे के अंदर मंदिर मार्गों और बड़ी बाजार सहित विभिन्न स्थानों पर खुलेआम मीट की दुकानों के संचालन को लेकर स्थानीय लोगों में नाराजगी है। कस्बावासियों ने प्रशासन से मानकों के विपरीत संचालित दुकानों को हटाकर निर्धारित स्थानों पर स्थानांतरित कराने की मांग की है।

स्थानीय लोगों का आरोप है कि थाने के सामने सब्जी बाजार जाने वाले मार्ग पर स्थित बुढ़िया मैया मंदिर और करीब आधा किलोमीटर दूरी पर स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर के बीच लगभग आधा दर्जन मीट की दुकानों पर खुलेआम मांस काटकर बेचा जा रहा है। इससे श्रद्धालुओं की धार्मिक भावनाएं आहत हो रही हैं और राहगीरों को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।कस्बा-वासियों का कहना है कि शासन



के निर्देशानुसार मीट की दुकानों का संचालन निर्धारित स्थानों पर किया जाना चाहिए तथा दुकानों में रेफ्रिजरेटर, काले शीशे और पर्दे की व्यवस्था होनी चाहिए। साथ ही खुले में मांस और उसके अवशेष फेंकने पर भी रोक है, लेकिन क्षेत्र में इन मानकों का पालन नहीं किया जा रहा है।लोगों का आरोप है कि मांस के अवशेष आसपास फेंके जाने से क्षेत्र में दुर्गंध फैली रहती है। कौवे और कुत्ते मांस के टुकड़े और हड्डियां इधर-उधर बिखेर देते हैं, जिससे मंदिर आने-जाने वाले श्रद्धालुओं, विशेषकर महिलाओं को काफी असुविधा होती है।

## मानव उपभोग के लिए अनुपयुक्त 21.85 लाख रुपये मूल्य के खाद्य पदार्थों का कराया गया विनष्टीकरण

# दूध एवं दुग्ध उत्पादों में मिलावट पर खाद्य सुरक्षा विभाग की बड़ी कार्रवाई

तमसा संकेत, संवाददाता

लखनऊ। आयुक्त, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन, उत्तर प्रदेश, लखनऊ द्वारा जारी निर्देशों एवं निर्धारित निरीक्षण बिंदुओं के अनुपालन में दूध एवं दुग्ध उत्पादों यथा दूध, खोया, पनीर, दही, घी एवं स्किम्ड मिल्क पाउडर आदि की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से प्रदेशव्यापी विशेष औचक निरीक्षण एवं प्रवर्तन अभियान संचालित किया गया।

अभियान के दौरान दूध एवं दुग्ध उत्पादों की निर्माण इकाइयों, बल्क मिल्क चिलिंग सेंटर, थोक विक्रेताओं के प्रतिष्ठानों एवं गोदामों का व्यापक निरीक्षण किया गया। अधिकारियों द्वारा खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के प्रावधानों के अंतर्गत स्वच्छता व्यवस्था, कच्चे



माल की गुणवत्ता, अभिलेखों का रख-रखाव, पैकेजिंग एवं लेबलिंग मानकों तथा संभावित मिलावट की जांच करते हुए प्रभावी प्रवर्तन कार्रवाई की गई।

विशेष अभियान के अंतर्गत प्रदेश में कुल 489 छापे मारे गए तथा 658 खाद्य नमूने संग्रहित कर जांच हेतु प्रयोगशाला भेजे गए हैं। कार्रवाई के दौरान कुल 1398.42 क्विंटल खाद्य पदार्थ जब्त किए गए, जिनका अनुमानित मूल्य लगभग 9.72 करोड़ रुपये है। वहीं अस्वास्थ्यकर परिस्थितियों में भंडारित एवं मानव उपभोग के लिए अनुपयुक्त पाए गए 122.888 क्विंटल खाद्य पदार्थों, जिनका अनुमानित मूल्य लगभग 21.85 लाख रुपये है, का विनष्टीकरण कराया गया।

गौतमबुद्धनगर में डेयरी प्रतिष्ठानों से नमूने लेने के साथ अस्वच्छ स्थिति में रखे 300 किलोग्राम पनीर, मूल्य लगभग 72 हजार रुपये, नष्ट कराया गया।गाजियाबाद में विभिन्न डेयरी प्रतिष्ठानों से नमूने संग्रहित कर लगभग 4050 किलोग्राम खाद्य पदार्थ, मूल्य लगभग 7.87 लाख रुपये, जब्त किया गया।

मथुरा में कल्लू डेयरी से पनीर एवं दूध के नमूने लेकर अस्वच्छ स्थिति में रखे 1200 किलोग्राम पनीर एवं 3000 लीटर दूध, मूल्य लगभग 5.46 लाख रुपये, नष्ट कराया गया। साथ ही डेयरी का लाइसेंस निलंबित कर निर्माण कार्य बंद कराया गया।मुजफ्फरनगर में घी, वनस्पति एवं मावा के नमूने लेते हुए निर्धारित मानकों के विपरीत पाए गए खाद्य पदार्थों पर कार्रवाई की गई।मेरठ में घी एवं बटर के नमूने संग्रहित कर लगभग 194 किलोग्राम खाद्य पदार्थ, मूल्य लगभग 1.50 लाख रुपये, जब्त किया गया। अमरोहा में उमंग डेयरी प्रा.लि. से स्किम्ड मिल्क पाउडर का नमूना लेते हुए मिथ्याछाप खाद्य पदार्थ 2850 किलोग्राम, मूल्य लगभग 9.33 लाख रुपये, जब्त किया गया।

### प्रतिष्ठान से 13 नमूने भी संग्रहित किए गए

विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार कानपुर देहात में भोले बाबा मिल्क फूड्स इण्डस्ट्रीज से लेबलिंग एवं पैकेजिंग प्रावधानों के उल्लंघन पर 1,31,175 किलोग्राम घी, जिसकी अनुमानित कीमत 9.45 करोड़ रुपये है, सीज किया गया। प्रतिष्ठान से 13 नमूने भी संग्रहित किए गए।बागपत में मेरठ एवं गाजियाबाद से आने वाले वाहनों की जांच के दौरान अस्वच्छ स्थिति में पाए गए क्रीम एवं पनीर के नमूने संग्रहित कर 820 किलोग्राम खाद्य पदार्थ, मूल्य लगभग 1.79 लाख रुपये, नष्ट कराया गया।आगरा में कैंट रेलवे स्टेशन के निकट लावारिस अवस्था में मिले अस्वच्छ खोये को जब्त कर 4000 किलोग्राम खोया, मूल्य लगभग 9 लाख रुपये, का विनष्टीकरण कराया गया।फिरोजा-बाद में पनीर एवं घी निर्माण इकाइयों पर कार्रवाई करते हुए 510 किलोग्राम घी एवं 250 किलोग्राम पनीर, कुल मूल्य लगभग 6.15 लाख रुपये, जब्त किया गया।

# योगी ने स्कूली बच्चों को खीर परोसी

## अक्षय पात्र किचन का उद्घाटन किया, 11 ब्लॉकों के स्कूल में तैयार भोजन पहुंचेगा

तमसा संकेत, एजेंसी

गोरखपुर । सीएम योगी 3 दिवसीय गोरखपुर दौरे पर गुरुवार शाम पहुंचे। चिलुआताल थाने के सामने बने अक्षय पात्र किचन का उद्घाटन किया। यहां परिषदीय स्कूल के बच्चों को अपने हाथों से योगी ने भोजन परोसा।

उन्होंने बच्चों को खीर परोसकर उनका हालचाल भी जाना। योगी ने किचन की व्यवस्था का जायजा लिया। ये किचन तीन एकड़ क्षेत्र में फैला है। इसमें पार्किंग भी है। यहां करीब 200 कर्मचारी काम करेंगे।

स्कूलों में छात्रों की उपस्थिति के अनुसार ताजा और गर्म भोजन तैयार कर समय पर पहुंचाया जाएगा। इस किचन में बना मिड डे मील शहर के 11 ब्लॉकों के स्कूल में भेजा जाएगा। अक्षय पात्र किचन की नई व्यवस्था लागू होने के बाद स्कूलों में कार्यरत रसोइयों को भोजन तैयार करने की जिम्मेदारी नहीं रहेगी।

एजेंसी की ओर से तैयार भोजन सीधे स्कूलों तक पहुंचाया जाएगा।



इससे भोजन की गुणवत्ता, स्वच्छता और पोषण मानकों का बेहतर ढंग से पालन किया जा सकेगा। इससे स्कूलों में भोजन बनाने में लगने वाला समय बचेगा। बच्चों को निर्धारित समय पर भोजन मिल सकेगा। इस किचन में मशीनों से हर घंटे 40 हजार रोटियां बनाई जा सकेंगी, जबकि स्टीम तकनीक से मात्र 15 मिनट में 1200 किलो चावल पकाया जाएगा। तीन से चार घंटे के भीतर एक लाख बच्चों का भोजन तैयार हो जाएगा। यहां से स्कूलों तक भोजन पहुंचाने के लिए करीब 100 वाहनों की व्यवस्था की गई है।

लखनऊ, वाराणसी, मथुरा, आगरा और कानपुर के बाद अब गोरखपुर में अक्षय पात्र किचन शुरू हुआ। पहले चरण में 50 हजार और बाद में रोज 1 लाख बच्चों को मिड-डे मील दिया जाएगा।

### मिड डे मील अब 11 ब्लॉकों के स्कूलों में पहुंचाया जाएगा

डीसी एमडीएम दीपक पटेल ने बताया- अभी 4 ब्लॉकों- नगर क्षेत्र, चरगांवा, भटहट और खोराबार के 307 स्कूलों के 35765 बच्चों को अक्षयपात्र की ओर से मिड डे मील दिया जा रहा था। इनमें परिषदीय, एडेड और इंटर कॉलेज शामिल हैं। अक्षयपात्र के किचन की क्षमता 1 लाख बच्चों को रोज मिड डे मील देने की है। अब इसमें 7 नए ब्लॉक शामिल किए जाएंगे। जो नए ब्लॉक जुड़ेंगे, उनमें- जंगल कौड़िया, भरोहिया, पिपराइच, पाली, सहजनवां, पिपरौली, कैम्पियरगंज हैं। ऐसे में अब कुल 11 ब्लॉकों में मिड डे मील पहुंचाया जाएगा।



### लखनऊ, वाराणसी, मथुरा, आगरा, कानपुर में पहले से अक्षय पात्र किचन

योगी ने कहा- किचन में हाईजीन का ध्यान कैसे रखा जाना चाहिए और भोजन में स्वच्छता का क्या महत्व है, पौष्टिक आहार बच्चों को मिले और उससे बच्चों को कुपोषण से दूर रखा जा सके, इसके लिए अक्षयपात्रा की ओर से केंद्रीयकृत किन संचालित किया जाता है। लखनऊ, वाराणसी, मथुरा, आगरा, कानपुर जैसे जिलों में यह किचन पहले से काम कर रहा है। अब गोरखपुर में भी बनकर तैयार हो गया है।

# 'अखिलेश को मोहन यादव से प्यार तो यूपी बुला लें'

तमसा संकेत, एजेंसी



प्रयागराज। प्रयागराज में कांग्रेस नेता और मध्य प्रदेश विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव के बयान पर पलटवार किया। उन्होंने कहा कि अगर अखिलेश यादव को मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव से इतना प्यार है तो उन्हें उत्तर प्रदेश बुला लें।

उमंग सिंघार गुरुवार को पेपर लीक के मुद्दे पर कांग्रेस के देशव्यापी अभियान के तहत आयोजित प्रेस वार्ता में पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने मुख्यमंत्री मोहन यादव पर भ्रष्टाचार और जमीन से जुड़े मामलों में गंभीर आरोप लगाए। कहा कि देखते हैं पीएम मोदी कब कार्रवाई करते हैं।

सिंघार ने कहा कि कांग्रेस आगामी विधानसभा सत्र में इन आरोपों को तथ्यों और दस्तावेजों के साथ उठाएगी। वहीं, भाजपा और मुख्यमंत्री कार्यालय ने कांग्रेस के सभी आरोपों को निराधार बताते हुए उन्हें पूरी तरह खारिज कर दिया है।

प्रयागराज में उमंग सिंघार ने कहा- देखते हैं पीएम मोदी कब कार्रवाई करते हैं

उमंग सिंघार ने कहा कि सीएम मोहन यादव उज्जैन से आते हैं और वहां आम लोगों के लिए घर बनाना भी मुश्किल हो गया है। यदि किसी को मकान बनाना है तो उसे मुख्यमंत्री से जुड़े लोगों की खदानों से ही गिट्टी खरीदनी पड़ती है, जहां सामग्री महंगे दामों पर मिलती है। पिछले दो सालों में मुख्यमंत्री के परिवार की संपत्ति में तेजी से बढ़ोतरी हुई है।

## रोक : एटीएफ महंगा होने से थमा परिचालन, किराया बढ़ने पर यात्रियों की संख्या भी घटी

# वाराणसी एयरपोर्ट से स्पाइसजेट की सभी उड़ानें बंद

तमसा संकेत, एजेंसी

वाराणसी । वाराणसी से स्पाइसजेट की सभी नियमित उड़ानें बंद हो गई हैं। परिचालन लागत और एविएशन टरबाइन फ्यूल (एटीएफ) की लगातार बढ़ रही कीमतों के बीच एयरलाइन ने अपना संचालन अनिश्चितकाल के लिए रोक दिया है। वाराणसी से अब तक 14-15 उड़ाने संचालित करने वाली एयर-लाइंस स्पाइसजेट की अंतिम 3 फ्लाइट बनारस से उड़ीं। गुरुवार शाम की फ्लाइट अंतिम फ्लाइट थी। कंपनी ने अपने सभी विमानों को दिल्ली और मुंबई हैंगर पर लगा दिया है। हालांकि कंपनी ने पहले ही घोषणा की थी कि लाल बहादुर शास्त्री अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट से स्पाइसजेट अपनी अंतिम नियमित उड़ान 25 जून को संचालित करेगी। वहीं, दूसरी ओर महंगी यात्रा से




यात्रियों की संख्या पर भी असर पड़ा है। अब अन्य विमान कंपनियों के फैसले और सेवाओं पर भी निगाहें हैं।

वहीं, आकासा एयर अगले महीने से बेंगलुरु के लिए अपनी तीन उड़ानें बंद करने जा रही है। इसके अलावा एयर इंडिया ने भी अपनी कुछ निर्धारित उड़ानों का संचालन रद्द किया है। लगातार घटती उड़ानों से वाराणसी से हवाई यात्रा के विकल्प सीमित होते जा रहे हैं। स्पाइसजेट के पूरी तरह हटने और अन्य उड़ानों के बंद होने से वाराणसी से मुंबई, बेंगलुरु, हैदराबाद और अन्य महानगरों की यात्रा करने वाले यात्रियों की मुश्किलें बढ़ सकती हैं।



### वाराणसी से 12 उड़ानें पहले ही हो चुकी हैं बंद

बढ़ती परिचालन लागत का असर केवल स्पाइसजेट तक सीमित नहीं है। इंडिगो, एयर इंडिया एक्सप्रेस, आकासा एयर और अन्य एयरलाइंस ने भी वाराणसी से कई उड़ानों का संचालन बंद कर दिया है। अब तक आने-जाने वाली करीब 12 उड़ानें प्रभावित हो चुकी हैं। इंडिगो ने हैदराबाद और बेंगलुरु के लिए एक-एक उड़ान बंद की है। एयर इंडिया एक्सप्रेस ने मुंबई और बेंगलुरु रूट पर अपनी एक-एक उड़ान का संचालन रोक दिया है।

### एसजी-506 अंतिम उड़ान रही

गुरुवार शाम स्पाइसजेट की मुंबई जाने वाली अंतिम उड़ान (SG-506) वाराणसी से रवाना हुई। इसके साथ ही शुक्रवार से एयरलाइन की वाराणसी से सभी नियमित उड़ान सेवाएं बंद हो गईं। इससे पहले स्पाइसजेट दिल्ली, मुंबई और पुणे समेत कई प्रमुख शहरों के लिए उड़ानें संचालित कर रही थी। फिलहाल वाराणसी एयरपोर्ट से इंडिगो, एयर इंडिया और आकासा एयर की उड़ानें मुंबई, दिल्ली, बेंगलुरु और हैदराबाद समेत अन्य शहरों के लिए संचालित हो रही हैं। हालांकि, पिछले दो महीनों में एटीएफ की कीमतों में हुई तेज बढ़ोतरी से एयरलाइंस की परिचालन लागत काफी बढ़ गई है, जिसका असर उड़ानों के संचालन पर पड़ रहा है।

## किसान पथ के पास मिला युवक का शव, गमगीन माहौल में हुआ अंतिम संस्कार

# बेटे की मौत से परिवार पर टूटा दुखों का पहाड़



तमसा संकेत, संवाददाता

सूरतगंज (बाराबंकी)। मोहम्मद-पुर खाला थाना क्षेत्र के सूरतगंज कस्बे निवासी 25 वर्षीय युवक रचित वर्मा उर्फ शीलू का शव मिलने के बाद गुरुवार को गमगीन माहौल में उसका अंतिम संस्कार कर दिया गया। युवक की असमय मौत से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर है। इस दुःख की घड़ी में बड़ी संख्या में ग्रामीण, रिश्तेदार और शुभचिंतक शामिल हुए। वहीं परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल रहा। जानकारी के अनुसार, रचित वर्मा बीते दो दिनों से संदिग्ध परिस्थितियों में लापता था। परिजनों ने उसकी काफी तलाश की, लेकिन उसका कोई पता नहीं चल सका। इसी बीच उसकी स्कूटी और मोबाइल फोन लखनऊ के किसान पथ किनारे लावारिस अवस्था में मिले, जिससे परिजनों की चिंता



और बढ़ गई थी।बताया जाता है कि पुलिस व एसडीआरएफ टीम किसी अन्य शव की तलाश में खोजबीन कर रही थी, इस दौरान इंदिरा बैराज के पास स्थित डैम्प के झाल में एक युवक का शव फंसा हुआ दिखाई दिया। पुलिस ने शव को बाहर निकलवाया तो उसकी जेब से आधार कार्ड, पैन कार्ड समेत अन्य दस्तावेज बरामद हुए। दस्तावेजों के आधार पर शव की पहचान सूरतगंज निवासी रचित वर्मा उर्फ शीलू के रूप में हुई। घटना की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। गुरुवार को पोस्टमार्टम के बाद जब शव गांव पहुंचा तो अंतिम संस्कार के लिए लोगों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। हर आंख नम थी और पूरे क्षेत्र में शोक का माहौल दिखाई दिया। इसके बाद युवक अंतिम संस्कार किया गया। रचित अपने माता-पिता का इकलौता पुत्र था। उसकी मौत से परिवार गहरे सदमे में है। परिजनों ने घटना को संदिग्ध बताते हुए मामले की निष्पक्ष एवं गहन जांच की मांग की है। उनका कहना है कि मौत के पीछे की वास्तविक वजह सामने आनी चाहिए और घटना से जुड़े सभी पहलुओं की गंभीरता से जांच की जानी चाहिए।

### संचारी रोगों पर जुलाई भर चलेगा विशेष अभियान, एक जुलाई से शुरू होगी जिलेव्यापी मुहिम

# बरसात से पहले अलर्ट मोड में प्रशासन

**कार्ययोजना**

■ हाई रिस्क क्षेत्रों पर विशेष नजर, फॉगिंग से लेकर एंटी लार्वा छिड़काव तक की बनी कार्ययोजना

बृजेंद्र वीर सिंह

तमसा संकेत, अंबेडकरनगर। बरसात के मौसम में डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया और अन्य संचारी रोगों की आशंका को देखते हुए जिला प्रशासन ने तैयारी तेज कर दी है। एक जुलाई से 31 जुलाई तक संचालित होने वाले विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान एवं दस्तक अभियान को लेकर बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी ईशा प्रिया की अध्यक्षता में पहली जनपद स्तरीय अंतर्विभागीय बैठक आयोजित हुई। बैठक में विभिन्न



विभागों के अधिकारियों को समन्वित और समयबद्ध कार्रवाई के निर्देश दिए गए। बैठक में जिलाधिकारी ने चिन्हित हाई रिस्क ग्राम पंचायतों और शहरी वार्डों में विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि फॉगिंग, एंटी लार्वा छिड़काव और स्वच्छता अभियान को प्राथमिकता के आधार पर संचालित किया जाए। साथ ही यह सुनिश्चित किया जाए कि कहीं भी मच्छरों के लार्वा पनपने की स्थिति न बने।

उन्होंने संबंधित प्रधानों और प्रशासकों को प्राथमिकता के आधार पर एंटी लार्वा दवाएं उपलब्ध कराने तथा वर्षा होने के तुरंत बाद छिड़काव कराने के निर्देश दिए।

> बैठक में बताया गया कि 27 जून तक ब्लॉक और जनपद स्तर पर माइक्रोप्लान को अंतिम रूप दिया जाएगा। वहीं 29 जून को दूसरी जनपद स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित कर तैयारियों का आकलन किया जाएगा। आठ जुलाई को दस्तक अभियान से संबंधित माइक्रोप्लान की समीक्षा होगी।

बैठक में मच्छर रोधी पौधों के रोपण को भी अभियान का हिस्सा बनाने पर जोर दिया गया। जिलाधिकारी ने तुलसी, नीम, लेमनग्रास, सिट्रोनेला, गेंदा, पुदीना, लैवेंडर और रोजमेरी जैसे पौधे लगाने के लिए लोगों को प्रेरित करने के निर्देश दिए।

**स्कूलों से लेकर मोहल्लों तक चलेगा जागरूकता अभियान**

जिलाधिकारी ने सभी विद्यालयों में वाटर टैंक की नियमित सफाई सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। साथ ही अधोमानक खाद्य पदार्थों की बिक्री पर प्रभावी रोक लगाने और लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि लोगों को घरों और आसपास साफ-सफाई रखने, जलभराव न होने देने, कूलर और पानी की टंकियों की नियमित सफाई करने तथा शुद्ध पेयजल का उपयोग करने के लिए प्रेरित किया जाए।

स्वास्थ्य विभाग की ओर से बताया गया कि दस्तक अभियान के तहत आशा, एएनएम और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित किया जाएगा। ये टीमें घर-घर जाकर सर्वेक्षण करेंगी, संभावित रोगियों की पहचान करेंगी और लोगों को संचारी रोगों से बचाव के उपायों की जानकारी देंगी।

# पेयजल संकट : गर्मी में राहत देने वाला फ्रीजर बना शोपीस

### आखिर किसने उड़ाई नगर पालिका के वाटर कूलर की टोटी?

तमसा संकेत, संवाददाता

अंबेडकरनगर। अकबरपुर के पुरानी तहसील तिराहा स्थित अयोध्या मार्ग पर नगर पालिका परिषद द्वारा राहगीरों की सुविधा के लिए लगाया गया वाटर फ्रीजर इन दिनों खुद मदद का इंतजार कर रहा है। फ्रीजर की टोटी गायब होने के कारण ठंडे पानी की व्यवस्था पूरी तरह ठप हो गई है, जिससे प्रतिदिन यहां से गुजरने वाले हजारों लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पुरानी तहसील तिराहा जिले के व्यस्ततम चौराहों में शामिल है। यहां दिनभर लोगों की आवाजाही बनी रहती है। ऐसे में फ्रीजर बंद होने से ठंडे पानी के लिए लोगों को इधर-उधर भटकना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि चिलचिलाती धूप और उमस के बीच यह समस्या



और गंभीर हो गई है। क्षेत्र में चर्चा है कि फ्रीजर चालू रहने से बोतलबंद पानी की बिक्री प्रभावित हो रही थी। इसी वजह से कुछ लोगों ने शरारतन टोटी निकाल दी। हालांकि इस दावे की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन स्थानीय लोग मामले की जांच की मांग कर रहे हैं। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि टोटी गायब हुए कई दिन बीत चुके हैं, लेकिन अब तक न तो फ्रीजर की मरम्मत कराई गई और न ही किसी जिम्मेदार अधिकारी ने मौके का निरीक्षण किया। इससे लोगों में नाराजगी है। क्षेत्रवासियों ने पुलिस प्रशासन से

**टोटी गायब, पानी की सुविधा बंद**

स्थानीय लोगों के अनुसार कुछ माह पूर्व नगर पालिका की ओर से लगाए गए इस फ्रीजर से राहगीरों, दुकानदारों और आम नागरिकों को गर्मी के मौसम में राहत मिल रही थी। लेकिन शरारती तत्वों द्वारा फ्रीजर की टोटी निकाल लिए जाने के बाद यह सुविधा बंद हो गई है।

मामले की जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है। साथ ही नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी से फ्रीजर की तत्काल मरम्मत कर पेयजल व्यवस्था बहाल कराने की अपील की है।

**फास्ट न्यूज**

### दिनदहाड़े जेसीबी लेकर पहुंचे लोग

अंबेडकरनगर। अकबरपुर क्षेत्र में भूमि विवाद का एक मामला सामने आया है। शहजादपुर-पहितीपुर रोड स्थित गाटा संख्या 291 पर जबरन कब्जे के प्रयास का आरोप लगाते हुए पीड़ित ने प्रशासन से हस्तक्षेप की मांग की है। मामले को लेकर क्षेत्र में चर्चा का माहौल बना हुआ है। पीड़ित जयराम संघवानी का आरोप है कि शुभम अग्रहरि, मनोज अग्रहरि समेत 10 से 20 लोग जेसीबी मशीन के साथ मौके पर पहुंचे ।

### कैबिनेट मंत्री ओमप्रकाश राजभर से मिले भारतीय जन संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष

अम्बेडकरनगर। भारतीय जन संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रियांशु उर्फ बंटी सिंह ने गुरुवार को जनपद स्थित सर्किट हाउस में उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री एवं सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष से शिष्टाचार भेंट की। मुलाकात के दौरान सामाजिक, जनहित एवं संगठनात्मक विषयों पर विस्तार से चर्चा हुई।

बैठक में संगठन की गतिविधियों, युवाओं की सामाजिक भागीदारी, जनजागरूकता अभियानों तथा क्षेत्रीय विकास से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विचार-विमर्श किया गया।

### शहर की सीमा में आए, योजनाओं की सीमा से बाहर हो गए किसान

अकबरपुर । प्रशासनिक सीमाओं के विस्तार ने नगर पालिका परिषद अकबरपुर के कुछ किसानों के सामने नई समस्या खड़ी कर दी है। नगर क्षेत्र में शामिल होने के बाद भी खेती-किसानी पर निर्भर किसान अब कृषि विभाग की निःशुल्क बोरिंग योजना का लाभ नहीं ले पा रहे हैं। इसे लेकर वार्ड संख्या 12 (अमरौला) के सम्मोपुर मोहल्ला एवं पूर्व राजस्व ग्राम सिझौली के किसानों की ओर से जिलाधिकारी को मांग पत्र सौंपा गया है।

# किसान की बेटी ने रचा सफलता का नया अध्याय

तमसा संकेत, संवाददाता

अम्बेडकरनगर। जनपद के ग्राम काछा सारी पट्टी (पोस्ट-चाचिकपुर) की होनहार बेटी दीपशिखा वर्मा ने उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग (UPSSSC) द्वारा आयोजित कृषि तकनीकी सहायक परीक्षा में सफलता प्राप्त कर परिवार एवं क्षेत्र का नाम रोशन किया है।

दीपशिखा, श्री दिनेश कुमार वर्मा एवं श्रीमती शिवकुमारी वर्मा की पुत्री हैं। उन्होंने आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, कुमारगंज, अयोध्या से कृषि अर्थशास्त्र (Agricultural Economics) विषय में पीएचडी की उपाधि प्राप्त की है। उच्च शिक्षा के साथ-साथ उन्होंने प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी जारी रखी और अपनी मेहनत, लगन तथा दृढ़ संकल्प के बल पर यह महत्वपूर्ण सफलता हासिल की।

अपनी सफलता पर खुशी व्यक्त



■ दीपशिखा की मेहनत लाई रंग, कृषि तकनीकी सहायक परीक्षा में हासिल की सफलता

करते हुए दीपशिखा वर्मा ने इसका श्रेय अपने माता-पिता, गुरुजनों और परिवार के सदस्यों को दिया। उन्होंने कहा कि माता-पिता के मार्गदर्शन, आशीर्वाद और गुरुजनों के सतत सहयोग एवं प्रेरणा के बिना यह उपलब्धि संभव नहीं थी। उन्होंने युवाओं को संदेश दिया कि लक्ष्य के प्रति समर्पण, नियमित अध्ययन और सकारात्मक सोच सफलता की कुंजी है।

# छुट्टियों के बाद फिर गुलजार हुए परिषदीय विद्यालय

### बच्चों के साथ बैठकर जिलाधिकारी और एसपी ने किया भोजन

तमसा संकेत, संवाददाता

अंबेडकरनगर। गर्मी की लंबी छुट्टियों के बाद बृहस्पतिवार को जिले के परिषदीय और कस्तूरबा गांधी विद्यालयों में एक बार फिर बच्चों की चहल-पहल लौट आई। बंद पड़े कक्षाओं में रौनक दिखाई दी तो स्कूल परिसरों में बच्चों की खिलखिलाहट गूंज उठी। नए उत्साह और उमंग के साथ शुरू हुए शैक्षणिक सत्र के पहले दिन जिला प्रशासन भी विद्यालयों तक पहुंचा।

जिलाधिकारी ईशा प्रिया और पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह ने शिक्षा क्षेत्र अकबरपुर के प्राथमिक विद्यालय बर्धा भिउरा पहुंचकर बच्चों का रोली-टीका लगाकर स्वागत किया। विद्यालय पहुंचते ही दोनों अधिकारियों ने बच्चों से आत्मीय



संवाद किया और उनके बीच बैठकर पढ़ाई, खेलकूद तथा भविष्य की योजनाओं पर चर्चा की। विद्यालय में अधिकारियों की मौजूदगी से बच्चे उत्साहित नजर आए। कई बच्चों ने उनसे बातचीत की और अपनी पढ़ाई से जुड़ी बातें साझा कीं। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने बच्चों के साथ बैठकर निर्धारित मेनू के अनुसार तैयार रोटी और दाल का भोजन ग्रहण किया। इस दौरान उन्होंने मध्याह्न भोजन की गुणवत्ता, साफ-सफाई और भोजन वितरण व्यवस्था का जायजा लिया।

अधिकारियों ने रसोईघर का निरीक्षण कर खाद्यान्न भंडारण, भोजन निर्माण प्रक्रिया तथा स्वच्छता संबंधी व्यवस्थाओं की भी जानकारी ली। भ्रमण के दौरान विद्यालय परिसर, शौचालयों, पेयजल व्यवस्था और साफ-सफाई का निरीक्षण किया गया। जिलाधिकारी ने शिक्षकों को निर्देश दिए कि विद्यालयों में स्वच्छ वातावरण बनाए रखने के साथ गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित की जाए ताकि बच्चों को बेहतर शैक्षणिक माहौल मिल सके।

# संचारी रोगों के खिलाफ जुलाई भर चलेगा विशेष अभियान

### मानसून से पहले अलर्ट पर नगर पालिका

तमसा संकेत, संवाददाता

अंबेडकरनगर। मानसून के दौरान फैलने वाले डेंगू, मलेरिया, डायरिया और अन्य संचारी रोगों की रोकथाम को लेकर नगर पालिका परिषद अकबरपुर ने तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी क्रम में बृहस्पतिवार को नगर पालिका परिषद के सभागार में आगामी विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान के सफल संचालन के लिए संवेदीकरण बैठक आयोजित की गई। बैठक में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और स्वच्छता कर्मियों को अभियान की रूपरेखा से अवगत कराते हुए समन्वित प्रयासों पर बल दिया गया।

नगर पालिका परिषद अकबरपुर क्षेत्र में 1 जुलाई से 31 जुलाई तक विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान चलाया जाएगा। अभियान के तहत नगर के सभी वार्डों में साफ-सफाई, जलभराव की रोकथाम, फॉगिंग,

■ अकबरपुर में सभासदों और स्वच्छता नायकों को दिया गया जिम्मेदारी का संदेश, फॉगिंग और एंटी-लार्वा छिड़काव पर रहेगा विशेष जोर

एंटी-लार्वा छिड़काव और जनजागरूकता कार्यक्रम संचालित किए जाएंगे। बैठक की अध्यक्षता करते हुए अधिशासी अधिकारी राजमणि ने कहा कि बरसात के मौसम में संचारी रोगों का खतरा बढ़ जाता है। ऐसे में नगर को रोगमुक्त बनाए रखने के लिए सभी संबंधित कर्मचारियों और जनप्रतिनिधियों की भूमिका महत्वपूर्ण होगी। अधिशासी अधिकारी ने कहा कि नगर के प्रत्येक वार्ड में नियमित सफाई, नालियों की निगरानी और जलभराव की समस्या को प्राथमिकता के आधार पर दूर किया जाए।

### अंबेडकरनगर के अवधेश द्विवेदी बने अवध क्षेत्र अध्यक्ष

# संगठन में हुआ बड़ा फेरबदल

तमसा संकेत, संवाददाता

अंबेडकरनगर। भारतीय जनता पार्टी उत्तर प्रदेश ने संगठनात्मक विस्तार के तहत गुरुवार को अपनी 64 सदस्यीय नई टीम की घोषणा की। इस सूची में अंबेडकरनगर जिले के वरिष्ठ भाजपा नेता अवधेश द्विवेदी को अवध क्षेत्र का क्षेत्रीय अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। उनकी इस नियुक्ति को संगठन में लंबे समय से चली आ रही सक्रियता और जमीनी कार्य का परिणाम माना जा रहा है। अवधेश द्विवेदी को पार्टी ने वर्ष 2017 में कटेहरी विधानसभा सीट से प्रत्याशी बनाया था। हालांकि उस चुनाव में उन्हें बहुजन समाज पार्टी के लालजी वर्मा से पराजय का सामना करना पड़ा। बसपा प्रत्याशी ने यह चुनाव 6,287 मतों के अंतर से जीता था। इसके बाद वर्ष 2022 के विधानसभा चुनाव में भी वे



कटेहरी सीट से भाजपा गठबंधन (निषाद पार्टी) के प्रत्याशी के रूप में मैदान में उतरे, लेकिन इस बार भी उन्हें लगभग छह हजार मतों के अंतर से हार का सामना करना पड़ा।

लगातार चुनावी पराजय के बावजूद अवधेश द्विवेदी ने संगठन से दूरी नहीं बनाई और भाजपा की नीतियों, उपलब्धियों और कार्यक्रमों को जनता तक पहुंचाने में सक्रिय भूमिका निभाई। बूथ स्तर से लेकर क्षेत्रीय स्तर तक संगठन को मजबूत करने में उनकी भागीदारी लगातार बनी रही। पार्टी की नई जिम्मेदारी को लेकर कार्यकर्ताओं का मानना है कि अवधेश द्विवेदी को यह दायित्व उनकी दीर्घकालिक निष्ठा, संगठन के प्रति समर्पण और निरंतर सक्रियता का परिणाम है। उनकी नियुक्ति को अवध क्षेत्र में भाजपा संगठन को और मजबूती देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

**भीटी तहसील के दुबाने के पुरवा से संगठन की शीर्ष जिम्मेदारी तक**

अवधेश द्विवेदी जनपद के भीटी तहसील अंतर्गत दुबाने के पुरवा गांव के निवासी हैं। वे पिछले तीन दशकों से भारतीय जनता पार्टी से जुड़े हुए हैं और संगठन के विभिन्न स्तरों पर सक्रिय भूमिका निभाते रहे हैं। पार्टी कार्यकर्ताओं के बीच उनकी पहचान एक समर्पित और लगातार सक्रिय रहने वाले नेता के रूप में रही है।

> जानकारी के अनुसार अवधेश द्विवेदी वर्ष 1991 में भाजपा से जुड़े थे। उस समय वे तत्कालीन विधायक एवं मंत्री अनिल तिवारी के साथ संगठन से सक्रिय रूप से जुड़े। इसके बाद से उन्होंने पार्टी के संगठनात्मक ढांचे को मजबूत करने में लगातार भूमिका निभाई।

# अहिंसा ही विश्व शांति का आधार, बोधि पथ कार्यशाला में गूंजे बुद्ध के विचार

### युद्ध, हिंसा और सामाजिक विभेद के दौर में बौद्ध दर्शन को बताया समाधान का मार्ग

तमसा संकेत, संवाददाता

अंबेडकरनगर। अंतरराष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान, लखनऊ के तत्वावधान में बी.एन.के.बी.पी.जी. कॉलेज, अकबरपुर में आयोजित ग्रीष्मकालीन कार्यशाला 'बोधि-पथ' के तृतीय दिवस बौद्ध दर्शन, अहिंसा और लोकतांत्रिक मूल्यों पर गहन विमर्श हुआ। वक्ताओं ने कहा कि भगवान बुद्ध के विचार आज भी विश्व समुदाय के सामने खड़ी अनेक चुनौतियों के समाधान का मार्ग दिखाते हैं। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि एवं विषय विशेषज्ञ लेफ्टिनेंट (डॉ.) विवेक कुमार तिवारी, विशिष्ट अतिथि डॉ. भानु प्रताप राय, डॉ. बृजेश कुमार रजक तथा कार्यशाला सह-संयोजक अमित द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। 'बौद्ध धर्मः अहिंसा और विश्व समुदाय' विषय पर व्याख्यान देते




हुए लेफ्टिनेंट (डॉ.) विवेक कुमार तिवारी ने कहा कि बौद्ध धर्म विश्व की प्राचीन आध्यात्मिक परंपराओं में प्रमुख स्थान रखता है। इसकी आधारशिला अहिंसा, करुणा और ज्ञान पर टिकी है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में युद्ध, हिंसा, पर्यावरणीय संकट और सामाजिक असमानता जैसी चुनौतियों से जूझ रही दुनिया के लिए बौद्ध दर्शन एक प्रभावी मार्गदर्शक सिद्ध हो सकता है। उन्होंने कहा कि भगवान बुद्ध का अहिंसा का संदेश केवल धार्मिक विचार नहीं, बल्कि मानवता को जोड़ने वाला वैश्विक सिद्धांत है, जो विश्व शांति और मानव एकता को मजबूत आधार प्रदान करता है। विशिष्ट अतिथि डॉ. भानु प्रताप राय ने बौद्ध धर्म और लोकतंत्र के संबंधों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि बुद्ध द्वारा स्थापित संघ व्यवस्था लोकतांत्रिक मूल्यों का सशक्त उदाहरण है। संघ में सभी भिक्षुओं को समान अधिकार प्राप्त थे और निर्णय सामूहिक चर्चा व आम सहमति से लिए जाते थे। उन्होंने कहा कि बौद्ध दर्शन समानता, न्याय, स्वतंत्रता और बंधुत्व जैसे सिद्धांतों को बढ़ावा देता है, जो आधुनिक लोकतांत्रिक व्यवस्था की मूल आत्मा हैं। आज भी बुद्ध के विचार सामाजिक न्याय और शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं।

# दानपेटी पर थी चोरों की नजर, नागरिकों की सतर्कता से नाकाम हुई साजिश

### मठिया मंदिर में चोरी का प्रयास, संदिग्धों को दबोचा

तमसा संकेत, संवाददाता

जलालपुर (अंबेडकरनगर)। श्री शीतला माता मठिया मंदिर में दानपेटी तोड़कर नकदी उड़ाने की कोशिश उस समय नाकाम हो गई, जब स्थानीय नागरिकों की सतर्कता और पुलिस की त्वरित कार्रवाई ने चोरों के मंसूबों पर पानी फेर दिया। देर रात हुई इस घटना के बाद क्षेत्र में चर्चा का माहौल रहा।

जानकारी के अनुसार दो युवक मंदिर परिसर में घुस गए और दानपेटी को तोड़कर उसमें रखी नकदी निकालने का प्रयास करने लगे। इसी दौरान दानपेटी के पास हुई खटपट और संदिग्ध गतिविधियों ने आसपास के लोगों का ध्यान अपनी ओर खींच लिया।

मंदिर के पुजारी अशोक कुमार पांडेय एवं सोनू गुप्ता ने घटना की जानकारी नीरज जलालपुरी को दी। सूचना मिलते ही पूर्व नगर अध्यक्ष देवेश मिश्र, सोनू गुप्ता, आदित्य



गोयल समेत कई लोग मौके पर पहुंच गए और मंदिर परिसर को घेरने का प्रयास किया। स्थानीय लोगों को देखते ही दोनों युवक मौके से भाग निकले, लेकिन क्षेत्र के ही निवासी होने के कारण कई लोगों ने उन्हें पहचान लिया। इसके बाद तत्काल पुलिस को नाम और पहचान संबंधी जानकारी उपलब्ध कराई गई। घटना की जानकारी मिलते ही जलालपुर कोतवाली पुलिस सक्रिय हो गई। पुलिस टीम ने संदिग्ध युवकों के घरों पर दबिश दी और उन्हें हिरासत में ले लिया। पुलिस की इस त्वरित कार्रवाई की स्थानीय लोगों ने सराहना की।

### जांच : स्वतंत्रता संग्राम सेनानी आश्रित कोटे का लाभ लेने का आरोप

# नीट काउंसलिंग में फर्जी प्रमाण पत्र का खेल

तमसा संकेत, संवाददाता

अंबेडकरनगर। राजकीय मेडिकल कॉलेज सद्दरपुर में प्रवेश पाने के लिए कथित रूप से फर्जी स्वतंत्रता संग्राम सेनानी आश्रित प्रमाण पत्र लगाने का मामला सामने आया है। नीट-यूजी 2025 की काउंसलिंग प्रक्रिया के दौरान दस्तावेजों के सत्यापन में प्रमाण पत्र संदिग्ध पाए जाने पर जांच कराई गई, जिसमें दस्तावेज कूटरचित होने की पुष्टि हुई। इसके बाद आरोपी अभ्यर्थी के खिलाफ अलीगंज थाने में मुकदमा दर्ज कराया गया है।

पुलिस के अनुसार आरोपी युवती हर्षिता रंजन, निवासी जवाहर नगर, बलिया ने नीट-यूजी 2025 की प्रथम चरण की काउंसलिंग में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी आश्रित श्रेणी के तहत आरक्षण का लाभ प्राप्त करने के उद्देश्य से प्रमाण पत्र प्रस्तुत




> बलिया सदर तहसील में तैनात तहसीलदार अतुल हर्ष श्रीवास्तव की ओर से दी गई तहरीर के आधार पर अलीगंज थाने में मुकदमा दर्ज किया गया। प्रशासन का आरोप है कि फर्जी दस्तावेज के माध्यम से आरक्षण का अनुचित लाभ लेने का प्रयास किया गया।

किया था। दस्तावेजों की जांच के दौरान इसकी सत्यता पर संदेह उत्पन्न हुआ, जिसके बाद मामला बलिया जिला प्रशासन को भेजा गया।

**चार सदस्यीय जांच समिति ने खोला राज**

प्रमाण पत्र की जांच के लिए बलिया में अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) की अध्यक्षता में चार सदस्यीय समिति गठित की गई। समिति ने अभिलेखों और संबंधित दस्तावेजों की जांच के बाद अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत की, जिसमें प्रमाण पत्र को फर्जी और कूटरचित बताया गया। जांच में यह भी सामने आया कि प्रमाण पत्र पर अंकित जिलाधिकारी के हस्ताक्षर और कार्यालय की मुहर वास्तविक नहीं थीं। साथ ही जिलाधिकारी कार्यालय से इस प्रकार का कोई प्रमाण पत्र जारी किए जाने का रिकॉर्ड भी नहीं मिला।

अलीगंज थानाध्यक्ष सुनील पांडे ने बताया कि मामले की विवेचना उपनिरीक्षक धीरेंद्र कुमार आजाद को सौंपी गई है। प्रकरण से जुड़े अभिलेखों और अन्य साक्ष्यों की गहन जांच की जा रही है। जांच के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी। इस मामले ने एक बार फिर उच्च शिक्षा संस्थानों में प्रवेश प्रक्रिया के दौरान दस्तावेज सत्यापन की अहम भूमिका को उजागर किया है। समय रहते जांच में कथित फर्जीवाड़े का खुलासा होने से आरक्षण व्यवस्था के दुरुपयोग की कोशिश पर रोक लग सकी।

# एएसपी हरेन्द्र कुमार बने आईपीएस पुलिस महकमे में खुशी की लहर

### यूपीएससी की पदोन्नति सूची में मिला स्थान

तमसा संकेत, संवाददाता

अंबेडकरनगर। जनपद में अपर पुलिस अधीक्षक (पश्चिम) के पद पर तैनात वरिष्ठ पुलिस अधिकारी हरेन्द्र कुमार को भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) में पदोन्नत किया गया है। संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) द्वारा जारी पदोन्नति सूची में उनका चयन होने के बाद पुलिस महकमे में उत्साह का माहौल है। हरेन्द्र कुमार उत्तर प्रदेश पुलिस सेवा के अनुभवी अधिकारियों में गिने जाते हैं। अपने सेवाकाल के दौरान उन्होंने कानून-व्यवस्था बनाए रखने, अपराध नियंत्रण तथा पुलिस और जनता के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उनकी पदोन्नति को उनकी प्रशासनिक दक्षता, कार्य के प्रति समर्पण और लंबे अनुभव का परिणाम माना जा रहा है।

पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह ने हरेन्द्र कुमार को आईपीएस में



पदोन्नति मिलने पर बधाई देते हुए कहा कि यह उनके परिश्रम, अनुशासन और उत्कृष्ट कार्यशैली की पहचान है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि नई जिम्मेदारी में भी वह अपनी कार्यकुशलता और जनसेवा की भावना से विभाग को नई उपलब्धियां दिलाएंगे।

पदोन्नति की सूचना मिलते ही जनपद पुलिस के अधिकारियों और कर्मचारियों ने हरेन्द्र कुमार को शुभकामनाएं दीं। सहकर्मियों ने कहा कि उन्होंने अपने कार्यकाल में कई महत्वपूर्ण जिम्मेदारियों का सफलतापूर्वक निर्वहन किया और विभाग की सकारात्मक छवि को मजबूत करने में योगदान दिया।

